RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई, शनिवार 06 सितम्बर 2025 | वर्ष 07 | अंक 139 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

**मुंबई : मालाड में पटाखे की दुकान में लगी आग... आस पास की कई दुकानें जलकर खाक**



Page - 2

# मुंबई : डेढ़ लाख गणपति, 10 हजार सीसीटीवी

**18 हजार पुलिसवाले, बप्पा की भव्य विदाई के लिए मुंबई तैयार**

**मुंबई,** गणपति बप्पा के विसर्जन की धूमधाम के बीच शहर की सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर पुलिस ने मेगा प्लान तैयार किया है. लाखों की भीड़ सड़कों पर उमड़ने वाली है और इसी को देखते हुए सुरक्षा से लेकर ट्रैफिक तक हर स्तर पर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. मुंबई पुलिस के जॉइंट कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर सत्यनारायण चौधरी ने बताया कि विसर्जन में बड़ी संख्या में भक्त शामिल होंगे. इसलिए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खास तैयारी की गई है. शहर पर नजर रखने के लिए 10,000 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं. इसके अलावा 50 से ज्यादा ड्रोन विभिन्न विसर्जन पॉइंट पर भीड़





की निगरानी करेंगे. किसी भी स्थिति में तुरंत एक्शन प्लान लागू किया जा सके, इसके लिए 247 कंट्रोल रूम मॉनिटरिंग होगी. शहरभर में 400 पेट्रोलिंग वाहन गश्त पर रहेंगे ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत मदद पहुंच सके.

**ट्रैफिक कंट्रोल की ऐसी है प्लानिंग**

ट्रैफिक डिपार्टमेंट ने भी विसर्जन के दिन के लिए स्पेशल प्लान तैयार किया है. जॉइंट कमिश्नर ट्रैफिक अनिल कुंभार के मुताबिकः >> 4 डीसीपी, 8 एसीपी, 60 पीआई, 179 एपीआई/पीएसआई और 2,826 ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे. >> एमएसएफ के 275 जवान और अनिरुद्धा बापू कीएनजीओ से 340 वॉलंटियर भी मदद करेंगे. >>

**सुरक्षा का मेगा डिप्लॉयमेंट**

- >> 6600 सार्वजनिक गणेश पंडाल और करीब 1.5 लाख घरगुती गणपति का विसर्जन होगा.
- >> 12 एडिशनल कमिश्नर, 40 डीसीपी, 3,000 पुलिस अधिकारी और 18,000 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे.
- >> इसके साथ ही एसआरपीएफ की 14 कंपनियां, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 4 कंपनियां (जिनमें से एक पूरी तरह महिला बल की सीआरपीएफ यूनिट होगी) तैनात रहेंगी.
- >> बीडीडीएस टीम,क्यूआरटी (क्विक रिस्पॉन्स टीम), और सीसीटीवी वैन लगातार एक्टिव रहेंगी.

शहर में 52 वॉच टावर बनाए गए हैं, जहां से ट्रैफिक और भीड़ की निगरानी होगी.

>> 54 क्रेन तैयार रहेंगी ताकि खराब गाड़ियों को तुरंत हटाया जा सके.

## मुबई : 5 घंटे का जंबो ब्लॉक, लोकल ट्रेन की स्पीड पर लगेगा ब्रेक... फास्ट ट्रेनें भी स्लो लाइन पर चलेंगी

**मुंबई,** देश की आर्थिक राजधानी है और इस आर्थिक राजधानी की जीवन रेखा मुंबई लोकल है। आमची मुंबई के लोगों को इस रविवार यानी 7 सितंबर को और ज्यादा धीरज की जरूरत होगी। क्योंकि वेस्टर्न रेलवे ने घोषणा की है कि रविवार 7 सितंबर को सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक सांताक्रूज और गोरेगांव स्टेशनों के बीच पांच घंटे का जंबो ब्लॉक रहेगा। यह जंबो ब्लॉक अप और डाउन दोनों लाइनों पर होगा। इस दौरान फास्ट लाइन पर चलने वाली सभी ट्रेनें स्लो लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी।

## ईद-ए-मिलाद पर दिवानशहा बेघर निवारा केंद्र में सेवा और सद्भाव का अनूठा आयोजन

**भिवंडी :** भिवंडी शहर में ईद-ए-मिलाद का त्योहार इस बार सिर्फ इबादत और जश्न तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सेवा और इंसानियत का संदेश भी लेकर आया है। कल्याण रोड स्थित टेमघर पाड़ा के दिवानशहा बेघर निवारा केंद्र में शुक्रवार को विशेष वितरण और सामूहिक भोजन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसने गरीब और बेघर लोगों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। इस अवसर पर निवारा केंद्र के सभी लाभार्थियों को एक महीने तक उपयोग में आने वाली खाद्य सामग्री–खारी, बटर और टोस्ट–भेंट की गई। इसके साथ ही सामूहिक भोजन कराया गया। आयोजन में



शामिल लोगों ने बताया कि इस पहल ने ईद-ए-मिलाद की खुशी को और भी खास बना दिया। कार्यक्रम में समाजसेवा और राजनीति क्षेत्र से जुड़े कई मान्यवर उपस्थित रहे। इनमें अहमद सिद्दीकी (पूर्व उपमहापौर), मतलूब खान (पूर्व नगरसेवक), याकूब अंसारी (पूर्व नगरसेवक), एडवोकेट नदीम,नजीर मंसूरी (सचिव, महाराष्ट्र प्रदेश अल्पसंख्यांक मोर्चा, बीजेपी), हाजी शेख (समाजसेवक), हसन शेख (समाजसेवक) और अब्दुल जब्बार शेख (समाजसेवक) प्रमुख थे। सभी अतिथियों ने मिलकर निवारा केंद्र के इस मानवीय प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्व केवल आस्था का प्रतीक नहीं होते, बल्कि सेवा और सद्भाव का संदेश भी देते हैं। बेघर और गरीब परिवारों के लिए इस तरह का सहयोग न केवल राहत है, बल्कि समाज को एकजुट करने का कार्य भी करता है। दिवानशहा निवारा केंद्र के इस आयोजन ने साबित कर दिया कि त्योहार की असली खुशी तभी है, जब समाज का सबसे वंचित तबका भी उसमें शरीक हो सके। ईद-ए-मिलाद पर हुआ यह अनूठा प्रयास भिवंडी शहर के लिए एक प्रेरणादायी मिसाल बन गया।

# विकास आराखड़ा विवाद में आजमी की एंट्री से सियासत गरमाई, शिंदे ने दिए दुरुस्ती के आदेश

**मुस्तकीम खान संवाददाता**

**भिवंडी।** भिवंडी-निजामपूर मनपा का प्रारूप विकास आराखड़ा अब सीधा राजनीतिक अखाड़ा बन चुका है। कल्याण रोड व्यापारी व रहिवासी संघर्ष समिति के आंदोलन ने उस वक्त बड़ा मोड़ लिया, जब सपा नेता और महाराष्ट्र अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से सीधी मुलाकात कर डैमेज कंट्रोल शुरू कर दिया। दरअसल, आराखड़े में राजीव गांधी चौक से टेमघर मार्ग तक 20-20 फीट सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव है, जिससे दर्जनों दुकानें, घर और धार्मिक





स्थल खतरे में हैं। दो दिन पहले समिति ने पत्रकार परिषद कर इसे ''उजाड़ने की साज़िश'' करार दिया था और सभी दलों से मदद की गुहार लगाई थी।

**आजमी का मास्टरस्ट्रोक**

बुधवार रात (4 सितम्बर) आजमी ने कल्याण रोड के मंदिर-मस्जिद, दरगाह और कब्रिस्तान के ट्रस्टियों को अपने कोलाबा स्थित आवास पर बुलाकर लंबी चर्चा की। फिर उसी वक़्त उन्होंने उपमुख्यमंत्री से संपर्क साधा और अगले ही दिन शिंदे के ठाणे निवास पर बैठक तय कर दी। गुरुवार सुबह (5 सितम्बर) आजमी, संघर्ष समिति और नगरसेवकों का प्रतिनिधिमंडल लेकर शिंदे से मिले। बैठक में आजमी ने साफ कहा ''जहां सरकार 1700 करोड़ खर्च कर नागरिकों को बेघर होने से बचा रही है, वहीं भिवंडी मनपा प्रशासक और कुछ नेता निजी फायदे के लिए विकास आराखड़े के नाम पर कल्याण रोड को उजाड़ने की साज़िश कर रहे हैं।''

**शिंदे का त्वरित एक्शन**

नागरिकों की चिंता सुनते ही उपमुख्यमंत्री ने तत्काल नगर विकास सचिव को फोन लगाया और आराखड़े में दुरुस्ती के निर्देश दिए। इसके बाद समिति और स्थानीय जिम्मेदारों ने शिंदे और आजमी का आभार जताया।

**''हर कीमत पर सुरक्षित रहेंगे नागरिक''- आजमी**

आजमी ने भरोसा दिलाया कि मुद्दा मुख्यमंत्री तक भी पहुंचाया जाएगा और दुकानदारों, रहिवासियों व धार्मिक स्थलों को किसी भी कीमत पर सुरक्षित रखा जाएगा। इस मौके पर संघर्ष समिति अध्यक्ष शादाब उस्मानी, महासचिव राम लाहारे, पूर्व नगरसेवक दिन मोहम्मद खान, मेहमूद मोमिन, सुधाकर आंचन, तस्लीम शेख, जब्बार शेख, राकेश पाल, युसूफ शोलापुरकर, नईम खान, समाधान मस्के, शरद राम शेजपाल, ऐनुल शेख, असलम शेख, अनिल मामा, हबीब अंसारी, ईदरीस बाबा, फरीद खान, अनीस शेख और रफीक अंसारी सहित कई ट्रस्टी मौजूद रहे।

# संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## विकास को मिलेगी नई गति...

सुधारों को अक्सर इस तरह प्रस्तुत किया जाता है मानो इनसे हर किसी को लाभ पहुंचता है। वास्तविकता में सुधारों के भी दो पहलू होते हैं। इसमें भी किसी को लाभ होता और किसी को नहीं। सुधार इतना जरूर करते हैं कि विभिन्न क्षेत्रों और लोगों पर बोझ की दिशा बदल देते हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि क्या सुधारों के नाम पर की जाने वाली पहल अर्थव्यवस्था को एक मजबूत, अधिक टिकाऊ विकास पथ पर ले जाती है। हाल में 56वीं जीएसटी परिषद की बैठक में वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी के मोर्चे पर किए गए सुधार इसी गतिशीलता को दशार्ते हैं। इसके जरिये कर संरचना को सरल बनाकर, लोगों पर बोझ घटाकर, उत्पादकों के लिए विसंगतियों को दुरुस्त कर और विवाद समाधान प्रणाली को मजबूत कर परिषद ने जीएसटी को भ्रम और अनुपालन की जटिलता के जाले से बाहर निकालकर विकासोन्मुख ढांचे की ओर नए सिरे से उन्मुख किया है। इन सुधारों का सशक्त पहलू यह है कि इसमें मध्यमवर्गीय उपभोक्ता विजेता के रूप में उभरता दिखता है। सबसे स्पष्ट परिवर्तन चार स्तरों वाले जीएसटी ढांचे से एक सरल और नागरिक हितैषी प्रणाली की ओर बढ़ना है, जिसमें केवल दो मुख्य स्लैब हैं। मेरिट वस्तुओं के लिए पांच प्रतिशत और मानक स्लैब के रूप में 18 प्रतिशत। जबकि 40 प्रतिशत की विशेष स्लैब केवल विलासिता और हानिकारक वस्तुओं जैसे कि सट्टेबाजी और कैसिनो, बड़े वाहनों और कुछ गैर-अल्कोहलिक पेय पदार्थों के लिए नियत की गई है। पुराने सिस्टम के तहत शब्दों में छोटा सा अंतर बड़ी विसंगति की वजह बनता रहा है।

जैसे क्या पराठा रोटी के समान था? पनीर को छूट और चीज पर टैक्स? ये अस्पष्टताएं वर्गीकरण विवाद, मुकदमेबाजी और प्रशासनिक बैकलाग की स्थिति को निर्मित करती रहीं। इसके चलते तमाम छोटे उद्यमों के लिए अनुपालन के मोर्चे पर अधिक समय, ऊर्जा और संसाधन खर्च करने पड़ते। स्वाभाविक रूप से इसका उत्पादन पर असर पड़ता। अब चार स्लैब वाली व्यवस्था को दो श्रेणियों में सिमेटकर परिषद ने विवादों की गुंजाइश को घटाते हुए कर प्रणाली में अनिश्चितताओं को दूर करते हुए उसे अधिक पूवार्नुमानित बना दिया है। इस सुधार से लोगों को सीधी राहत भी मिलने वाली है। दूध, पनीर और ब्रेड अब जीएसटी से मुक्त हो गए हैं।

Rokthok Lekhani News Update
WhatsApp group

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई : मनपा ने मीठी नदी की सफाई के लिए निकाला 1800 करोड़ का टेंडर

## खर्च में की गई 600 करोड़ की कटौती...



**मुंबई :** मनपा प्रशासन ने मीठी नदी के बकाया काम को पूरा करने के लिए 1800 करोड़ का टेंडर निकाला है। मीठी नदी के पिछले कामों को लेकर चल रही कार्रवाई के बीच मनपा द्वारा ब्रिमस्टोवैड़ परियोजना के तीसरे चरण कार्य करने के लिए निकाले गए टेंडर में कितने ठेकेदार सहभागी होंगे देखने जैसा होगा। मार्च में निकाली गई निविदा में इस बार 600 करोड़ की कटौती की गई है। मार्च में 2400 करोड़ की निकाली गई थी निविदा। बता दें की मनपा ने मीठी नदी पुनर्जीवन परियोजना के तीसरे चरण के लिए निविदा जारी की है, जिसमें कुर्ला सीएसटी पुल से माहिम क्रीक तक बाढ़ नियंत्रण का काम शामिल हैं। मनपा ने इसके पहले मार्च 2025 में टेंडर निकाला था। जिसमे नदी किनारे प्रोमेनेड बनाने का प्रस्ताव था। उस हिस्से की लागत करीब 400 करोड़ रुपए थी जिसे इस बार हटा दिया गया है। अतिरिक्त आयुक्त अभिजीत बांगर ने कहा कि पूरी 18 किमी नदी किनारे प्रोमेनेड बनाने की योजना थी, लेकिन इस खंड (8.2 किमी) से इसे हटाने का फैसला लिया गया है। मनपा सूत्रों के अनुसार इस योजना पर अंतिम निर्णय अब निर्वाचित प्रतिनिधि मंडल ही लेगा। इस बीच अधिकारियों का कहना है कि मीठी नदी पर बनने वाले फ्लड गेट्स से कुर्ला, सायन और चूनाभट्टी क्षेत्र में जलभराव की समस्या काफी हद तक कम होगी, जहां 18 अगस्त को पानी भरने से सेंट्रल रेलवे की सेवाएं ठप हो गई थीं। मीठी नदी पर प्रस्तावित प्रोमेनेड गुजरात के साबरमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर तैयार होना था। इसमें 9 से 12 मीटर चौड़ा वॉकवे, साइकिल ट्रैक और जॉगिंग ट्रैक बनाने की योजना थी। पिछली निविदा में इस प्रकल्प की लागत 2400 करोड़ रुपये आंकी गई थी, लेकिन प्रोमेनेड और सौंदर्याकरण का काम हटाए जाने के बाद लागत घटाकर 1800 करोड़ रुपये रह गई है। फ्लड गेट और मिनी पंपिंग स्टेशनों की संख्या भी 25 से घटाकर 18 कर दी गई है। बांगर ने बताया कि फ्लड गेट्स के लगने से ज्वार के समय नदी का पानी नालों में नहीं जाएगा और बारिश के दौरान नालों से पानी आसानी से नदी में छोड़ा जा सकेगा।

## मुंबई : मालाड में पटाखे की दुकान में लगी आग... आस पास की कई दुकानें जलकर खाक



**मुंबई :** मालाड पश्चिम में पुलिस स्टेशन के पीछे उंद्राई मार्ग पर एक पटाखे की दुकान में भीषण आग लगने की घटना घटी। मनपा आपत्ति विभाग की जानकारी के अनुसार आग फटाकों की दुकानों में लगी थी जो काफी फैल गई। खबर लिखे जाने तक आग को बुझाने का काम दमकल विभाग द्वारा किया जा रहा था। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम 7:04 बजे आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। रात 7:27 बजे इस घटना को लेवल-1 आग घोषित किया गया। सूत्रों के मुताबिक आग उंद्राई मार्ग पर स्थित चॉल में फटाकों की दुकानों तक ही सीमित नहीं रहते हुए आस पास की दुकान को भी अपने चपेट में ले लिया था। इस घटना में अब तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। अग्निशमन दल की गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही हैं।

## दस महीने से फरार हत्या के मुख्य आरोपी को उत्तरप्रदेश व मध्यप्रदेश से शांतीनगर पुलिस ने दबोचा।



**भिवंडी।** शांतीनगर पुलिस स्टेशन की टीम ने हत्या के एक मामले में पिछले 10 महीनों से फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गुप्त जानकारी के आधार पर इंदौर (मध्य प्रदेश) से गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार गु.र.नं. 1667/2024 भा.न्या.स. कलम 103, 333, 118(1), 3(5), महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम 37(1), 135 के तहत 28 अक्टूबर 2024 को मामला दर्ज हुआ था। यह मामला एकतरफा प्रेम प्रसंग में महिला की हत्या से जुड़ा है। इस वारदात में पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था, लेकिन मुख्य आरोपी राजू महेंद्र सिंह (22 वर्ष), निवासी भदोही, उत्तरप्रदेश घटना के बाद से फरार था। पुलिस की दो बार उत्तरप्रदेश जाकर की गई छापेमारी में वह नहीं मिला और उसका मोबाइल भी घटना के बाद से बंद था। हाल ही में गुप्त सूचना मिली कि आरोपी प्रयागराज में है। पुलिस टीम वहां रवाना हुई, लेकिन तकनीकी जानकारी से पता चला कि आरोपी देवासनाका, इंदौर (मध्यप्रदेश) में है। आरोपी का बड़ा भाई ट्रक ड्राइवर है, और उसके भी उसी इलाके में होने की जानकारी मिलने पर शांतीनगर पुलिस ने इंदौर क्राइम ब्रांच से संपर्क साधा। आरोपी को पकड़ने के दौरान उसने पुलिस को गुमराह करने के लिए अपना नाम सुरज बताया, लेकिन हाथ पर बने टैटू से उसकी पहचान पुख्ता हो गई। इसके बाद आरोपी को हिरासत में लेकर शांतीनगर पुलिस स्टेशन लाया गया। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 8 सितंबर 2025 तक पुलिस कस्टडी में भेजा गया है। मामले की आगे की जांच पुलिस निरीक्षक अतुल अडूरकर कर रहे हैं। यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त शशिकांत बोराटे, सहायक पुलिस आयुक्त सचिन सांगळे, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विनायक गायकवाड, पोनि (गुन्हे) अतुल अडूरकर, पोनि (प्रशासन) विनोद पाटील के मार्गदर्शन में की गई। तपास पथक में सहायक पुलिस निरीक्षक सुरेश चोपडे, पोहवा रिजवान सैय्यद , रोजश पाटील , निलेश महाले , पोशि प्रशांत बर्वे , रोशन जाधव , नाजीम शेख , दिपक सानप, कुशल जाधव, संजय चव्हाण, भुषण पाटील और निलेश पाटील शामिल थे।

## भिवंडी शहर में वंजारपट्टी नाका का उड़ान पुल के निचे बना शराबियों अड्डा...

मुस्तकीम खान संवाददाता



**भिवंडी :** भिवंडी के वंजारपट्टी नाका स्थित उड़ान पुल के नीचे का इलाका शराबियों का अड्डा बन चुका है। वजह ए है की यहीं पर संचालित मनोहर वाइन शॉप,है जिसके कारण देर शाम होते ही शराबियों की भीड़ जुट जाती है। पुल के नीचे शराब पीने वालों का यह जमावड़ा स्थानीय लोगों के लिए सिरदर्द बन गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि मुस्लिम बहुल्य इलाके में वाइन शॉप के मालिक ने शराबियों के लिए बाकायदा पानी और कचरे का डिब्बा तक उपलब्ध करवा रखा है, ताकि वे बेझिझक वहीं शराब पीकर गंदगी फैलाते रहें। नतीजा यह है कि सड़क से गुजरने वाले राहगीरों और नमाज़ियों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है। गौरतलब है कि पास में ही मस्जिद स्थित है और नमाज के वक्त इस रास्ते से बड़ी संख्या में लोग गुजरते हैं। निजामपुर पुलिस थाना क्षेत्र में आने वाली इस वाइन शॉप के खिलाफ स्थानीय लोगों ने कई बार शिकायत की है। शराबियों की हुड़दंग और असामाजिक हरकतों से महिलाओं और बच्चों को असुरक्षा का अहसास होता है। शिकायतों के बावजूद अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।निवासियों का कहना है कि शराबियों का यह अड्डा धीरे-धीरे अपराध और असामाजिक गतिविधियों को भी जन्म दे सकता है। वे मांग कर रहे हैं कि प्रशासन तुरंत इस वाइन शॉप पर सख्त कार्रवाई करे और उड़ान पुल के नीचे की जगह को शराब मुक्त बनाए,जब सरकार नशा-मुक्ति को लेकर बड़े-बड़े दावे करती है, तो भिवंडी जैसे घनी आबादी वाले इलाके में पुलिस और प्रशासन शराबियों को संरक्षण क्यों दे रहे हैं। अगर जल्द ही कदम नहीं उठाए गए, तो यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है।

# मीरा-भायंदर के टार्ज़न ऑर्केस्ट्रा बार पर पुलिस का छापा

## गुप्त कोठरियों से निकाली गई कई लड़कियां...

**ठाणे:** मीरा-भायंदर में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। कश्मीरी पुलिस ने टार्ज़न ऑर्केस्ट्रा बार पर छापा मारा। इस बार पुलिस ने आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा। इस कार्रवाई की खास बात यह है कि एक ही कोठरी से 5 लड़कियां मिलीं। इससे पुलिस भी हैरान रह गई। इस कार्रवाई की इस समय हर जगह चर्चा हो रही है। खास बात यह है कि यह पहली बार नहीं है जब इस तरह की कार्रवाई की गई हो। कुछ दिन पहले भी ऐसी कार्रवाई की गई है। मीरा-भायंदर में इस तरह के अवैध धंधे चलने की लगातार चर्चा हो रही थी। पुलिस कमिश्नर निकेत कौशिक की नियुक्ति के बाद से ही उन्होंने इन अवैध धंधों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। टार्ज़र ऑर्केस्ट्रा बार में भी इसी तरह की कार्रवाई की गई।



पुलिस को एक गुप्त मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि टार्ज़र ऑर्केस्ट्रा बार में अवैध और अश्लील गतिविधियां चल रही हैं। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने इस बार में छापा मारा। इस बार पुलिस के सामने चौंकाने वाली जानकारी सामने आई। दिलचस्प बात यह है कि बार में एक अलमारी में 5 लड़कियां छिपी हुई थीं। इसके चलते पुलिस ने कार्रवाई की और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने इस ऑपरेशन में 21 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 12 लड़कियों को बचा लिया गया है। दिलचस्प बात यह है कि 12 में से 5 लड़कियां बार में एक अलमारी में छिपी हुई मिलीं। पुलिस ने खुद इस ऑपरेशन की जानकारी दी है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बार में लड़कियों को अवैध रूप से रखा जा रहा है। इसके बाद पुलिस ने बार पर छापा मारा। इस दौरान पता चला कि संबंधित बार में अनैतिक और अवैध गतिविधियां चल रही थीं।

**दरवाजा जिसे बटन दबाकर या लात मारकर खोला जा सकता है**


पुलिस ने बार के हर कोने की जाँच की। इस दौरान पुलिस को एक दरवाजा दिखाई दिया। पुलिस ने जाँच की तो एक तहखाने का दरवाजा बटन दबाने पर खुलता है। दरअसल, यह एक अलमारी निकली। इस अलमारी में 5 लड़कियां थीं। यह देखकर पुलिस भी हैरान रह गई। पुलिस ने सभी लड़कियों को सुरक्षित बचा लिया। इस अलमारी में सांस लेना मुश्किल था, लड़कियां ऐसी अलमारी में छुपकर पाई गईं।

# मराठा आरक्षण के संबंध में सरकार द्वारा जारी किए गए जीआर को लेकर अनावश्यक भ्रम पैदा किया जा रहा है - मनोज जरांगे पाटिल



**मुंबई :** मराठा समुदाय के लिए एक कैबिनेट उप-समिति है। इसी तरह, ओबीसी समुदाय के लिए भी एक उप-समिति बनाई गई थी। ठीक है, अब सरकार को माइक्रो ओबीसी, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति श्रेणियों के लिए भी उप-समितियाँ बनानी चाहिए, यह एक कठोर सुझाव है। मराठा आरक्षण संघर्ष के नेता मनोज जरांगे पाटिल ने यहाँ राज्य सरकार के खिलाफ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जरांगे पाटिल ने कहा कि हैदराबाद गजेटियर के लागू होने से मराठवाड़ा में मराठा समुदाय ओबीसी श्रेणी में आ जाएगा। जबकि अवध राज्य के गजेटियर के बाद पश्चिमी महाराष्ट्र के मराठा समुदाय को लाभ होगा। अब इस गजेटियर के लागू होने से समुदाय के लिए ओबीसी प्रमाण पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मराठा आरक्षण के संबंध में सरकार द्वारा जारी किए गए जीआर को लेकर अनावश्यक भ्रम पैदा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मराठा आरक्षण के विद्वानों पर यह आरोप नहीं लगाया जाना चाहिए कि उन्हें कुछ नहीं मिला है। विद्वानों को मुंबई आमंत्रित किया गया था। लेकिन अब मैं उन्हें आमंत्रित नहीं करूँगा, मैं अपना फैसला खुद लूँगा। वे सिर्फ टीवी पर बोलने के लिए ही आगे आते। आज आप आलोचना कर रहे हैं, आज तक मराठा समुदाय को आरक्षण नहीं दिया गया, यह सवाल भी उन्होंने विद्वानों के सामने उठाया।

## भायंदर: गणेशमूर्ति अपमान मामले में मनपा कर्मियों पर कार्रवाई की मांग !



**भायंदर :** काशिमीरा स्थित जरीमरी तालाब परिसर में एक गंभीर घटना सामने आई थी। मनपा की कचरा उठाने वाली गाड़ी में गणेशजी की मूर्ति पाई जाने से नागरिकों और गणेशभक्तों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इस प्रकरण को लेकर मनपा की कार्यप्रणाली पर तीखी नाराजगी व्यक्त की जा रही हैं। भाजपा 145 विधानसभा चुनाव प्रमुख एड. रवि व्यास ने मनपा आयुक्त को पत्र द्वारा इस मामले में नाराजगी जताई हैं। रवि व्यास ने अपने पत्र में बताया की गणेशोत्सव शहर के लाखों नागरिकों की आस्था और श्रद्धा का पर्व है। ऐसे पवित्र प्रतीकों के साथ कचरे में अनादरपूर्ण व्यवहार होना असहनीय माना जा रहा हैं। इस घटना को मनपा कर्मचारियों की गंभीर लापरवाही और असंवेदनशीलता का उदाहरण हैं। रवि व्यास ने मनपा आयुक्त से मांग की हैं की इस घटना पर तुरंत सार्वजनिक माफी मांगी जाए। इस घटना में जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएं।


## ठाणे लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रियों से 22.24 लाख रुपये के कीमती सामानों की चोरी के आरोपी दो गिरफ्तार



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे, कल्याण और करजत के बीच लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रियों से 22.24 लाख रुपये के कीमती सामानों की चोरी के आरोपी दो व्यक्तियों को रेलवे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी उत्तर प्रदेश के गाजीपुर निवासी वकार आलम तौकीर खान (39) और कानपुर निवासी जुगल किशोर शर्मा (41) हैं। दोनों यात्री बनकर रात में सो चुके यात्रियों की नकदी और गहने चुराते थे। पुलिस ने दोनों के पास से 316 ग्राम सोना और 72,000 रुपये नकद भी बरामद किए हैं। आरोपियों ने कुल 16 चोरी की घटनाओं के आरोप में शामिल होना स्वीकार किया है।

## पालघर : कार मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर एक खड़े ट्रक से टकरा गई

### दुर्घटना में एक की मौत, छह अन्य घायल



**पालघर :** एक दुखद दुर्घटना में एक की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए जब वडोदरा से मुंबई के प्रसिद्ध लालबागचा राजा के दर्शन के लिए यात्रियों को ले जा रही एक कार मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर एक खड़े ट्रक से टकरा गई। पुलिस के अनुसार, वडोदरा जिले के वाघोडिया गाँव के सात भक्तों का समूह एक कार (GJ 06 PR 3019) में गणेश दर्शन के लिए मुंबई की ओर जा रहा था। शाम लगभग 7:30 बजे, जब वे नायगांव क्षेत्राधिकार में फाउंटेन होटल क्षेत्र के पास पहुँचे, तो उनका वाहन राजमार्ग पर खड़े एक ट्रक (MH 03 CV 6268) से टकरा गया।

मृतक की पहचान केतुलभाई हितेशभाई पटेल (32) के रूप में हुई है। घायलों में चिराग राजूभाई पटेल (39), निराली नरेंद्र शर्मा (27), दामिनी भारत प्रजापति, जैविनी अशोक राणा (25), मेघा मंगेशकुमार शालेकर (28) और अंतिमा शर्मा (24) शामिल हैं। उनका मीरा रोड के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि ट्रक चालक, जिसकी पहचान सूर्यबली तिवारी के रूप में हुई है, ने बिना हैजर्ड लाइट, इंडिकेटर या रिफ्लेक्टर जलाए गाड़ी खड़ी कर दी थी, जिससे सामने से आ रहे कार चालक को अंधेरे में गाड़ी का पता लगाना मुश्किल हो गया।

# मुंबई : राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क 2025 की घोषणा; टॉप -10 में सिर्फ आईआईटी बॉम्बे को स्थान मिला

**मुंबई :** शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क 2025 की घोषणा की है। इसमें आईआईटी बॉम्बे का जलवा रहा। ओवरऑल कैटेगरी में टॉप -10 में सिर्फ आईआईटी बॉम्बे को स्थान मिला है। वहीं, यूनिवर्सिटी कैटेगरी में टॉप-10 में महाराष्ट्र की कोई यूनिवर्सिटी शामिल नहीं है। कॉलेज कैटेगरी में भी महाराष्ट्र को मायूसी ही हाथ लगी है। टॉप-50 में महाराष्ट्र का कोई कॉलेज नहीं है।

**आईआईएम मुंबई ने बरकरार रखा स्थान**

रिसर्च इंस्टीट्यूट कैटेगरी में टॉप-10 में आईआईटी बॉम्बे और होमी भाभा नैशनल इंस्टीट्यूट को स्थान मिला है। इसमें आईआईटी बॉम्बे चौथे और होमी भाभा 7वें स्थान पर है। इंजीनियरिंग कॉलेज की कैटेगरी में आईआईटी बॉम्बे को तीसरा स्थान मिला है। मैनेजमेंट कैटेगरी में टॉप-10 में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट मुंबई को स्थान मिला है। आईआईएम मुंबई ने लगातार दूसरे साल छठा स्थान बरकरार रखा है। स्किल



यूनिवर्सिटी में सिम्बॉयसिस स्किल्स एंड प्रोगेशनल्स यूनिवर्सिटी पहले स्थान पर है।

**आईआईटी बॉम्बे को इनोवेशन में दूसरा स्थान**

IITB को इनोवेशन में दूसरा स्थान आईआईटी बॉम्बे को ओवरऑल कैटेगरी में तीसरा, इंजीनियरिंग में तीसरा, मैनेजमेंट में 14वां, रिसर्च में चौथा और इनोवेशन कैटेगरी में दूसरा स्थान मिला है। संस्थान ने ओवरऑल श्रेणी में 81.62, इंजीनियरिंग में 83.65, मैनेजमेंट में 65.82 और रिसर्च कैटेगरी में 77.80 अंक हासिल किए हैं। आईआईटी बॉम्बे के निदेशक प्रो. शिरीष केदारे ने कहा, हमें खुशी है कि हमने एनआईआरएफ रैंकिंग में लगातार मजबूत प्रदर्शन बनाए रखा है। मैनेजमेंट कैटेगरी में आईआईएम मुंबई ने मजबूत पकड़ बनाई है। इस श्रेणी में उसे 77.58 अंक मिले हैं। यह सफलता इसके वैश्विक स्तर की मैनेजमेंट शिक्षा, प्रभावशाली शोध कार्य और मजबूत इंडस्ट्री कनेक्शन का परिणाम है। आईआईएम मुंबई के निदेशक प्रो. मनोज तिवारी ने कहा, यह उपलब्धि हमारी फैकल्टी, छात्रों, पूर्व छात्रों और सहयोगियों की सामूहिक मेहनत का नतीजा है। हमारा लक्ष्य केवल रैंकिंग तक सीमित नहीं, बल्कि जिम्मेदार लीडर्स तैयार करना और भारत की विकास यात्रा में योगदान देना है।

# कल्याण : 15 और 16 साल की दो नाबालिग लापता; तलाश शुरू




**कल्याण :** कल्याण पश्चिम के अमरदीप वसाहटी स्थित सैनिक चॉल की 15 और 16 साल की दो नाबालिग लड़कियां पिछले पांच दिनों से लापता हैं, जिससे उनके परिवारों में गंभीर चिंता पैदा हो गई है। मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में एक शिकायत दर्ज की गई है, जिसमें संदेह है कि लड़कियों का किसी अज्ञात व्यक्ति ने अपहरण कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, 15 वर्षीय लड़की की मां आशाबाई गणपत काले ने गुमशुदगी की सूचना दी और भारतीय दंड संहिता, 2023 की धारा 137(2) के तहत एक औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। लड़कियां सैनिक चॉल की निवासी हैं, और उनके परिवार नींबू और मिर्च बेचने का छोटा-मोटा व्यापार करते हैं, जैसा कि रिपोर्ट में बताया गया है। यह परिवार मूल रूप से सांगली जिले के जाट तालुका के पांडाधारी गाँव के पारधी टांडा का रहने वाला है। दोनों लड़कियों के लापता होने से परिवार में गहरा सदमा लगा है। निरंतर प्रयासों के बावजूद, उनका पता अज्ञात है। दोनों लड़कियाँ 30 अगस्त की दोपहर 12 बजे से लापता हैं। शुरूआत में, परिवार को लगा कि शायद लड़कियाँ गणेशोत्सव के दौरान कल्याण में सार्वजनिक गणपति प्रतिमा देखने गई होंगी। लेकिन, जब वे भोजन के बाद भी वापस नहीं लौटीं, तो परिवार चिंतित हो गया और रिपोर्ट के अनुसार, आसपास के इलाके में उनकी तलाश शुरू कर दी।

# बांद्रा : बैग चेकिंग के नाम पर करोड़ों की उगाही...

## महिला पुलिस अफसर निकली वसूली गैंग की मास्टरमाइंड !

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के बांद्रा टर्मिनस पर यात्रियों से बैग चेकिंग के नाम पर लाखों रुपए की वसूली की जा रही थी। इस मामले में मुंबई जीआरपी की क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए एक महिला पुलिस अधिकारी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान विजया उर्फ मनीषा इंगवले, नीलेश दीपक कलसुलकर और प्रवीण वेदनाथ शुक्ला के रूप में हुई है। जीआरपी सूत्रों के मुताबिक, यह पूरा वसूली रैकेट महिला




अधिकारी इंगवले के इशारे पर ही चल रहा था।

### अन्य अधिकारी भी हुए गिरफ्तार

जांच में सामने आया है कि इंगवले के साथ गिरफ्तार हुए कलसुलकर और शुक्ला लंबे समय से उसके निजी सहयोगी थे। ये दोनों यात्रियों पर नजर रखते थे और जैसे ही किसी यात्री के पास भारी रकम होने की जानकारी मिलती, वे तुरंत इंगवले को इसकी 'टिप' दे देते थे।

### कपड़ा व्यवसायी हुआ था पीड़ित

इसके बाद इंगवले और उसके साथी पुलिसकर्मी बनकर यात्रियों को रोकते, बैग की चेकिंग करते और फिर डरा-धमकाकर उनसे पैसे वसूल लेते। इस पूरे मामले में पीड़ित एक कपड़ा व्यवसायी है, जिससे इन लोगों ने मिलकर 10 लाख रुपए की वसूली की थी। बताया जा रहा है कि महिला अधिकारी इंगवले का कुछ ही दिन पहले बोरीवली रेलवे पुलिस स्टेशन से बांद्रा रेलवे पुलिस स्टेशन में तबादला हुआ था, लेकिन उसकी वसूली की आदतें नहीं बदलीं। बोरीवली में भी उसने अपने इन्हीं दो खास गुर्गों के साथ मिलकर एक यात्री से 50,000 रुपए की जबरन वसूली की थी। उस समय भी यही तरीका अपनाया गया।

# महाराष्ट्र : बावनथड़ी बांध का जलस्तर 65% पर, किसानों को रबी फसल की उम्मीद



**भंडारा:** भंडारा जिले की तुमसर तहसील में स्थित बावनथड़ी नदी पर बने अंतर्राज्यीय बांध का जलस्तर हाल की बारिश के बाद बढ़कर 65% तक पहुँच गया है। इस वृद्धि ने स्थानीय किसानों में आगामी रबी फसलों के लिए सिंचाई की उम्मीद जगा दी है। यह बांध महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश की एक संयुक्त परियोजना है, जो दोनों राज्यों के हजारों किसानों के लिए जीवनरेखा का काम करता है। अगस्त के अंत तक बावनथड़ी बांध में केवल 31% जलभंडार था, जिसने किसानों की चिंता बढ़ा दी थी। लेकिन सितंबर की शुरूआत में हुई जोरदार बारिश ने जलस्तर को तेजी से बढ़ाकर 65% कर दिया है। पिछले साल इसी समय बांध 85% भरा था, जबकि उससे पहले के साल में यह 100% तक भर चुका था। इस साल जलभंडार उम्मीद से कम है, लेकिन सहायक अभियंता आर. आर. बडोले के अनुसार, अगर सितंबर के अंत तक और अधिक बारिश होती है तो बांध के पूरी तरह भर जाने की संभावना है। अब तक, बावनथड़ी बांध से लगभग 5,000 हेक्टेयर कृषि भूमि की सिंचाई हो चुकी है। यह पानी मुख्य रूप से खरीफ मौसम में धान की फसलों के लिए उपलब्ध कराया गया है। हालांकि, आगामी रबी और ग्रीष्मकालीन फसलों के लिए पानी की उपलब्धता बांध के 100% भरने पर निर्भर करेगी। यदि ऐसा होता है, तो तुमसर-मोहाडी तहसील के किसानों के साथ-साथ मध्य प्रदेश के किसानों को भी पर्याप्त सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। यह बावनथड़ी परियोजना महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के बीच एक संयुक्त परियोजना है, लेकिन बांध के पानी का नियंत्रण मुख्य रूप से मध्य प्रदेश सरकार के पास है।

# ठाणे : वैश्यावृत्ति रैकेट चलाने के आरोप में अभिनेता गिरफ्तार



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने एक अभिनेता (41 वर्षीय) को कथित तौर पर वैश्यावृत्ति रैकेट चलाने और महिलाओं को इस अवैध धंधे में फंसाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम ने दो नकली ग्राहक तैनात किए, जिन्होंने आरोपी अनुष्का मोनी मोहन दास से संपर्क किया। आरोपी ने कथित तौर पर मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर एक मॉल में मुलाकात करने को कहा। मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस के सहायक आयुक्त मदन बल्लाल ने कहा, टीम ने छापा मारकर आरोपी को नकली ग्राहकों से पैसे लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। हमने दो महिलाओं को भी बचाया जो टीवी सीरियल और बंगाली सिनेमा में काम करती हैं।

दास के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 143(3) और वैश्यावृत्ति (निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। बचाई गई महिलाओं को आश्रय गृह भेजा गया है। सहायक आयुक्त बल्लाल ने कहा, जांच जारी है ताकि अपराध की पूरी जानकारी मिल सके और अन्य सहभागियों की भी पहचान हो सके।

# नायगांव : बंगले से 33 लाख रुपये के आभूषण लूट; बगल की एक किराने की दुकान में चोरों ने लगा दी आग



**नायगांव :** नायगांव पूर्व के चंद्रपाड़ा में एक चौंकाने वाली घटना में, चोरों ने एक बंगले से 33 लाख रुपये के आभूषण लूट लिए और फिर बगल की एक किराने की दुकान में आग लगा दी। नायगांव पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के मात्र आठ घंटे के भीतर एक महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। चोरी 'भिमाई' नामक बंगले में हुई, जिसके मालिक हर्षद म्हात्रे (39) हैं। बंगले के बगल में कामिनी नाम की एक किराने की दुकान है। लोकसत्ता की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को म्हात्रे घर खाली छोड़कर रिश्तेदारों के साथ गणेशोत्सव मनाने विरार गए थे। मौके का फायदा उठाकर आरोपी मंगलवार रात छत के रास्ते बंगले में घुस गए।

# ठाणे : लोकल ट्रेन में यात्रा करते समय एक किशोर नाले में गिर गया; तलाशी अभियान शुरू

**ठाणे :** नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि मुंबई लोकल ट्रेन में यात्रा करते समय एक किशोर ठाणे स्टेशन के पास नाले में गिर गया, जिसके बाद तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया। एक न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों को सूचना मिलते ही आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ और दमकल विभाग की टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुँच गईं। आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ को दोपहर लगभग 2:55 बजे स्थानीय निवासियों से मिली जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र के ठाणे जिले में ट्रेन के एक पुल को पार करते समय किशोर कथित तौर पर अपना संतुलन खो बैठा और नाले में गिर गया।

रिपोर्ट के मुताबिक ठाणे नगर निगम (टीएमसी) के क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ (आरडीएमसी) के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि जाँच से पता चला है कि 19 वर्षीय आकाश शर्मा संतुलन खोने



के बाद ठाणे के कलवा में विटावा नाले में गिर गया। तड़वी ने कहा, ''दोपहर लगभग 1 बजे, आकाश शर्मा मुलुंड से कलवा ट्रेन से जा रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। शर्मा कलवा के घोलई नगर का निवासी है.'' उन्होंने कहा, ''अग्निशमन कर्मियों, टीडीआरएफ कर्मियों, हमारे आपदा प्रबंधन कर्मचारियों, स्थानीय निवासियों और मछुआरों द्वारा प्रदान की गई दो नावों की मदद से तलाशी अभियान जारी है.''

इस बीच, एक अन्य घटना में, एक 27 वर्षीय ऑटो-रिक्शा चालक ने गुरुवार सुबह महाराष्ट्र के नवी मुंबई में एक खाड़ी में कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे बचा लिया। रिपोर्ट के अनुसार रबाले-एमआईडीसी पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुंबई के चेंबूर इलाके का निवासी चालक कथित तौर पर ऐरोली पुल से खाड़ी में कूद गया। उन्होंने बताया कि एक राहगीर ने पुलिस को सूचना दी, जो मौके पर पहुँची और उसे खाड़ी से बचाया। रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस को पता चला कि वह व्यक्ति अपने घर में घरेलू विवाद के बाद परेशान था।

संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com